Rajasthan Police

।। प्रेस नोट ।।

पुलिस थाना कुडी भगतासनी जोधपुर,पश्चिम

@dcpwestjodhpur   Dcp Jodhpur West   9414290072

दिनांक 05.09.2022

- **अवैध हथियारो के विरूद्व डीएसटी पश्चिम व पुलिस थाना कुडी भगतासनी की सयुंक्त कार्यवाही**
- **02 अवैध पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस जब्त**
- **महिला को साथ मे रखकर हनीट्रेप की घटना को हथियार की नोक पर देते थे अंजाम**
- **02 शातिर मुल्जिम गिरफ्तार व एक स्कॉर्पियो जब्त**

- **घटना विवरण** :– दिनांक 09.07.2022 को पुलिस थाना कुडी भगतासनी पर परिवादी श्री दीपक निवासी कुडी भगतासनी ने थाने पर एक लिखित रिपोर्ट मे बताया की मेरे को धर्मेन्द्र सारण निवासी गुडा विश्नोईयान एवं भजनलाल निवासी केतू जोधपुर एवं एक लडकी जिसका नाम सोहनी (काल्पनिक) बता रही थी वो मेरी दूकान पर आये तथा मैरे को पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी व पांच लाख रूपये मांगे एंव नही देने पर जान से मारने व सोहनी (काल्पनिक) द्वारा बलात्कार के मुकदमें मे फसांने की धमकी दी।

  इसी तरह दिनांक 10.07.2022 को प्रार्थी श्री मुकेश ने भी एक लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया की मुझे सोशल मिडिया पर एक सोहनी (काल्पनिक) नाम की लडकी ने बातचीत शुरू की बाद मे उसने झालामण्ड चौराहा पर बुलाया एंव मेरी गाडी मे बैठकर मुझे गौरा होटल की तरफ ले गयी जहॉ पर 02 गाडियो मे 4–5 व्यक्तियों ने मुझे घेर लिया एवं मेरा अपहरण करके मेरे से पांच लाख रूपये हडप लिये है। इसी प्रकार दिनांक 03.09.2022 को भी एक घटना को अंजाम दिया है।
- **पुलिस कार्यवाही**:–

श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त महोदय, आयुक्तालय जोधपुर, श्रीमान गौरव यादव पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम, श्री हरफूलसिंह ,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोधपुर पश्चिम, श्री जयप्रकाश अटल एसीपी वृत बोरानाडा जोधपुर पश्चिम, सुमेरदान नि पु थानाधिकारी पुलिस थाना कुडी भगतासनी के निर्देशन में अवैध हथियारो के विरूद्व चलाये जा रहे पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत **डीएसटी जोधपुर पश्चिम टीम के द्वारा श्री प्रेम चौधरी प्रभारी साईबर सैल जोधपुर पश्चिम व श्री सुनील कानि 2348 ने बताया की एक स्कॉर्पियो गाडी पाली रोड भवानी होटल से विवेक विहार की तरफ आ रही जिसमे 02 बदमाश लोग सवार है जिनके पास अवैध हथियार हो सकते है जिन्होनें 1–2 दिन पहले कुडी भगतासनी हल्के में ही एक व्यक्ति का अपहरण कर लूट की वारदात को भी अंजाम दिया है जिस पर ईतला विश्वसनीय होने से डीएसटी जोधपुर पश्चिम मय थाने की टीम के द्वारा नाकाबन्दी कर एक स्कॉर्पियो गाडी को रूकवाई तो 02 बदमाशो ने भागने का प्रयास किया जिनको दस्तयाब कर तलाश ली गयी तो श्री धर्मेन्द्र पुत्र श्री घेवरराम सारण जाति विश्नोई उम्र 24 साल निवासी सारणो की ढाणी गुडा विश्नोईयान पुलिस थाना कुडी भगतासनी जोधपुर पश्चिम के पास दो अवैध पिस्टल मय एक जिन्दा कारतूस बरामद की गयी है।**

- **वारदात का तरीका** :– गिरफ्तारशुदा मुल्जिमान **1.श्री धर्मेन्द्र 2. श्री फतेहसिंह राठौड ने पूछताछ के दौरान बताया की हमारे साथ एक महिला सोहनी (काल्पनिक) को हम साथ मे रखते है जो सोशल मिडिया के जरिये पैसे वाले व्यक्तियो से बातें करके झांसे में फसांकर मिलने के लिये बुलाती है जब सोहनी (काल्पनिक) व सामने वाला व्यक्ति आपस मे मिलते है तब सोहनी (काल्पनिक) के ईशारे पर हम उस व्यक्ति का अपहरण करके उसको हथियार पिस्टल की नोक पर रूपये प्राप्त करते है। गिरफ्तारशुदा**

मुल्जिम धर्मेन्द्र सारण के विरूद्व पूर्व मे 06 आपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं वांछित मुल्जिम भजन निवासी केतू जोधपुर के विरूद्व पूर्व मे 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

- **लगभग दर्जनभर वारदातो को दे चुके है अंजामः–**मुल्जिम धर्मेन्द्र से पूछताछ के दौरान सामने आया कि धर्मेन्द्र, भजनाराम निवासी केतू व **सोहनी (काल्पनिक) द्वारा अलग अलग स्थानो पर वारदातो को अन्जाम दिया है।**

- **नाम पता :–**
  1. **श्री धर्मेन्द्र पुत्र श्री घेवरराम सारण जाति विश्नोई उम्र 24 साल निवासी सारणो की ढाणी गुडा विश्नोईयान पुलिस थाना कुडी भगतासनी जोधपुर पश्चिम**
  2. **श्री फतेहसिंह राठौड पुत्र श्री सवाईसिंह राठौड जाति राजपूत उम्र 34 साल निवासी भालू रतनगढ पुलिस थाना चामूं जिला जोधपुर ग्रामीण**
- **कार्यवाही मे सम्मिलित टीम :–**

डीएसटी जोधपुर पश्चिम	**पुलिस थाना कुडी भगतासनी**
1.श्री मनोज कुमार उनि,प्रभारी डीएसटी पश्चिम **2.श्री प्रेम चौधरी हैडकानि 989, प्रभारी साईबर सैल पश्चिम (विशेष भूमिका)** 3.श्री बजरंग सिह हैडकानि 1496 4.श्री फरसाराम कानि 2480 5.श्री दिनेश कानि 2468 **6.श्री सुनील कानि 2348 (विशेष भूमिका)** **7.**श्री बलवीर कानि 2077 8.श्री सुरेश कानि 2327	**1.श्री मदनलाल सउनि पीएस कुडी** **3.श्री श्यामलाल कानि 2166 पीएस कुडी** **4.श्री धीरज मीना कानि 1764 पीएस कुडी**

थानाधिकारी
पुलिस थाना कुडी भगतासनी
जोधपुर पश्चिम